**दिनांक: 25.04.2025**

**जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर मुंबई, महाराष्ट्र (26-28 जून 2025) में आयोजित सियाल मुंबई में एपीडा की भागीदारी**

**प्रिय निर्यातक,**

एपीडा द्वारा **सियाल मुंबई** में भागीदारी दर्ज की जा रही है, जो 26-28 जून 2025 तक जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित किया जाएगा। 50 से अधिक वर्षों से, सियाल खाद्य अभियान को प्रेरित कर रहा है। सियाल अखिल विश्व के 50 देशों में विद्यमान एक वैश्विक शो है। विश्व स्तर पर सियाल नेटवर्क आदान-प्रदान, बैठकों और चर्चाओं के लिए एक फोरम का प्रतिनिधित्व करता है जो इसे वास्तव में विशिष्ट बनाता है। आगंतुकों और इसकी पहुंच के संदर्भ में, सियाल प्रमुख खाद्य नवाचार इवेंट है।

एपीडा इस इवेंट का आयोजक है, जहां कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यातकों के लिए प्रदर्शनी और क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम) आयोजित की जाएगी। मुख्य रूप से दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका (एमईएनए), सीआईएस देशों और यूरोपीय देशों से 20 से अधिक देशों के लगभग 150 खरीदारों को बीएसएम के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

प्रदर्शनी को भारतीय खाद्य उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए सौंदर्यपूर्ण रूप से डिजाइन किया जाएगा, जिसमें विशेष रूप से बी2बी बैठक क्षेत्र होगा। एपीडा पवेलियन में 9 वर्गमीटर या स्थान की उपलब्धता के अनुसार इसके कई गुना आकार के लगभग 100 निर्मित स्टॉल होंगे।

एपीडा द्वारा एपीडा पवेलियन के अंतर्गत सियाल मुंबई 2025 में भाग लेने हेतु पंजीकृत सदस्य निर्यातकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। लिंक नीचे दिया गया है: -

https://itrack.apeda.gov.in/mda/NewTradeFairApplication.aspx?RequestID=13247450

इवेंट में भाग लेने हेतु अनुरोध पर 15.05.2025 तक विचार किया जाएगा। यदि आवेदक स्टॉल की उपलब्धता से अधिक हैं तो आबंटन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

पंजीकरण कराने वाले आवेदकों को भागीदारी हेतु शुल्क की जानकारी अलग से दी जाएगी।

किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए आप अधोहस्ताक्षरी अर्थात ईमेल आईडी- meenasingh@apeda.gov.in और श्री वोहैब आलम , व्यवसाय विकास प्रबंधक , एपीडा, संपर्क विवरण- 9873215723, ईमेल आईडी- yppr@apeda.gov.in से संपर्क कर सकते हैं।

धन्यवाद,

भवदीया,

**ह**/-

**मीना सिंह**
**सहायक महाप्रबंधक**